>

Title: Need to provide compensation to the farmers whose crops have been damaged due to unseasonal rains and hailstorms in Udaipur and other parts of Rajasthan.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ कि राजस्थान राज्य में जनवरी और फरवरी में पाला पड़ा और अभी मार्च एवं अप्रैल में असामयिक बारिश और ओलावृष्टि हुई है। इनसे जो नुकसान हुआ है उसका आकलन करते हुए मैं निवेदन करूंगा कि पाले से राज्य के 22 जिले प्रभावित हुए हैं और 8.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें खराब हुई हैं, 3.45 लाख हेक्टेयर में 50 प्रतिशत से अधिक फसलों की क्षति हुई है और इससे 1.40 लाख किसान प्रभावित हुए हैं। इस तरह से करोड़ों रूपए की क्षति हुई और विशेष रूप से सरसों की फसल का 1,000 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि राजस्थान के किसानों को जो करोड़ों रूपए की क्षति हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति के लिए क्या आप कोई स्पेशल पैकेज देने की व्यवस्था करेंगे। यह मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ।[R2]